Civil Services (Main)
Examination, 2026

**वियोज्य** ***DETACHABLE***

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# ECONOMICS (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

ग्राफ/विशदीकरण, जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर ही अंकन करना/देना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'   SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) मिखाल कालेकी के अनुसार, मजदूरी व लाभ में आय के कार्यात्मक वितरण को निर्धारित करने के लिए किस प्रकार एकाधिकार की मात्रा तथा विनियोग का स्तर परस्पर प्रतिक्रिया करते हैं ?

According to Michal Kalecki, how the degree of monopoly and the level of investment interact to determine the functional distribution of income between wages and profits ? 10

1.(b) दर्शाइये कि परम्परागत प्रणाली में, समग्र माँग वक्र कैसे व्युत्पन्न होता है । इसके विशेष गुण का उल्लेख कीजिए ।

Show how the aggregate demand curve is derived in the classical system. Mention its special property. 10

1.(c) ब्याज संरचना तथा इसमें अन्तर्निहित अंतरपणन के नियम (rule of arbitrage) की विवेचना कीजिए ।

Discuss the term structure of interest and the rule of arbitrage inherent in this. 10

1.(d) सार्वजनिक वस्तुओं तथा निजी वस्तुओं में भेद कीजिए । 'मुफ्त की सवारी' की समस्या क्या है ?

Differentiate between public goods and private goods. What is a 'Free Rider' problem ? 6+4=10

1.(e) राजकोषीय नीति में अपवर्जन प्रभाव क्या है ? विदेशी पूंजी किस प्रकार अपवर्जन प्रभाव को कम कर सकती है ?

What is the crowding-out effect in Fiscal Policy ? How can foreign capital mitigate the crowding-out effect ? 6+4=10

2.(a) किन परिस्थितियों में, बाजार सन्तुलन की स्थिति को प्राप्त करता है ? मार्शल तथा वालरस के दृष्टिकोणों के बीच स्थिरता में अन्तर का विश्लेषण कीजिए ।

Under what conditions, does a market reach equilibrium ? Analyse the differences in stability between Marshallian and Walrasian approaches. 5+15=20

2.(b) इस कथन का परीक्षण कीजिए कि "परेटो सामाजिक कल्याण के दृष्टिकोण से आर्थिक राज्यों को क्रमबद्ध करने के लिए इष्टतम रूप से पर्याप्त आधार नहीं देता है ।" क्या अत्यधिक असमानता युक्त अर्थव्यवस्था को परेटो दक्ष माना जा सकता है ?

Critically examine the statement, "Pareto optimally does not give a sufficient basis for ordering economic states from the perspective of social welfare". Can an economy with extreme inequality be considered Pareto efficient ? 10+5=15

**2.** (c) एक द्वयाधिकार बाजार के लिए निम्न आंकडे दिये हुए हैं :

$P = 100 - 0{\cdot}5\,(q_1 + q_2)$
$C_1 = 5\,q_1$
$C_2 = 0{\cdot}5\,q_2^2$

यदि द्वयाधिकारी पारस्परिक अन्तर्निर्भरता को समझ कर, उद्योग के कुल लाभ को अधिकतम करने के लिए एक समूह के रूप में कार्य करने का निर्णय लेते हैं तब $q_1$, $q_2$, P तथा फर्मों के लाभ जो $\pi_1$ & $\pi_2$ से व्यक्त किये गये हैं को ज्ञात कीजिए ।

The following data are given for a duopoly market :

$P = 100 - 0{\cdot}5\,(q_1 + q_2)$
$C_1 = 5\,q_1$
$C_2 = 0{\cdot}5\,q_2^2$

Suppose the duopolists recognise the mutual interdependence and decide to act as one group to maximize the total profit of the industry. Find out $q_1$, $q_2$, P and the profits of the firms denoted as $\pi_1$ & $\pi_2$. 15

**3.** (a) एक अर्थव्यवस्था के लिए निम्न मान दिये हुए हैं :

$C = 0{\cdot}8\,(1 - t)Y$
$t = 0{\cdot}25$
$I = 900 - 50r,\ G = 800,$
$L = 0{\cdot}25Y - 62{\cdot}5r$
$\overline{M}/P = 500,\ P = 1$

चरों के अर्थ सामान्य हैं । निम्न को ज्ञात कीजिए :

(i) Y तथा r के सन्तुलन मान

(ii) IS तथा LM वक्रों के ढ़ाल

(iii) बचत फलन, विनियोग फलन तथा मुद्रा माँग फलन के ढ़ाल के रूप में, आय के लिए सरकारी व्यय गुणक का व्यंजक

(iv) यदि सरकारी व्यय में 240 की वृद्धि हो जाये, तो ऊपर दिये हुए प्रश्नांश (iii) में व्युत्पन्न गुणक के अनुसार Y में कितनी वृद्धि होगी ?

The following values for an economy are given :

$C = 0{\cdot}8\,(1 - t)Y$
$t = 0{\cdot}25$
$I = 900 - 50r,\ G = 800,$
$L = 0{\cdot}25Y - 62{\cdot}5r$
$\overline{M}/P = 500,\ P = 1$

The variables have their usual meaning. Find the following :

(i) The equilibrium values of Y and r

(ii) Slopes of IS and LM curves

(iii) Expression of government expenditure multiplier for income in terms of slopes of savings function, investment function and money demand function

(iv) If the government expenditure goes up by 240, how much will be the rise in Y in terms of the multiplier derived in the part (iii) above ? 5+4+6+5=20

**3.(b)** (i) समझाइए कि किस प्रकार प्रतिष्ठित मॉडल में स्वचालित पूर्ण रोजगार की गारन्टी होती है ।

(ii) कीन्स ने श्रम बाजार में अल्प-रोजगार सन्तुलन की सम्भावना को किस प्रकार व्यक्त किया है ?

(i) Show how automatic full-employment is guaranteed in the classical model.

(ii) How does Keynes show the possibility of underemployment equilibrium in the labour market ? 7+8=15

**3.(c)** नव प्रतिष्ठित नीति की प्रभावहीनता के प्रस्ताव की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Give an outline of the new classical policy ineffectiveness proposition. 15

**4.(a)** उन उपकरणों को समझाइए जिनके द्वारा किसी भी देश की सरकार तीन प्रमुख भूमिकाओं यथा – आबंटन, वितरण तथा स्थिरीकरण का सफलतापूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करती है ।

Explain the instruments through which the government of any country tries to successfully carry out its three major roles namely, Allocation, Distribution and Stabilization. 20

**4.(b)** आर्थिक क्रियाओं को बढ़ाने में पूँजीगत व्यय बनाम राजस्व व्यय की सापेक्षिक प्रभावशीलता का विवेचन कीजिए ।

Discuss the relative effectiveness of capital expenditure versus revenue expenditure in stimulating economic activity. 15

**4.(c)** फ्रीडमैन के मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त के पुनर्कथन तथा कीन्स की मुद्रा की माँग में प्रमुख अन्तर की चर्चा कीजिए ।

Discuss the major difference of Friedman's restatement of quantity theory of money from the Keynesian demand for money. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) "सामान्यतः आयात प्रशुल्क एक देश के शुद्ध कल्याण में कमी कर देते हैं" । क्या आप सहमत हैं ? एक बड़ी अर्थव्यवस्था व एक छोटी अर्थव्यवस्था पर आयात प्रशुल्क को लागू करके अपने उत्तर के औचित्य को सिद्ध कीजिए ।

"Import tariffs typically result in a net welfare loss for a country". Do you agree ? Justify your answer by applying an import tariff for a small economy and a large economy. 4+6=10

5.(b) किस अर्थ में व्यापार, विकास के इंजन का कार्य कर सकता है ? विस्तार से व्याख्या कीजिए ।

In what sense trade can act as an engine of growth ? Elaborate. 10

5.(c) विकासशील देशों के आर्थिक विकास में बाजार की बदलती हुई भूमिका पर प्रकाश डालिए । इसने योजना प्रक्रिया को कैसे प्रभावित किया है ? विवेचना कीजिए ।

Throw light on the changing role of markets in economic development of developing countries. How it has affected planning process ? Discuss. 6+4=10

5.(d) एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में आर्थिक संवृद्धि को बढ़ाने तथा प्रतिस्पर्द्धा को सुदृढ़ करने में अनुसंधान एवं विकास (R&D) की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the role of Research and Development (R&D) in fostering economic growth and strengthening competitiveness in a knowledge-based economy. 10

5.(e) दोहा दौर में प्रयुक्त "एकल प्रतिबद्धता" सिद्धान्त तथा विश्व व्यापार संगठन वार्ता के लिए इसके निहितार्थों को समझाइए ।

Explain the "Single Undertaking" principle used in the Doha Round and its implications for WTO negotiations. 10

6.(a) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्राचीन व नवीन सिद्धान्तों में प्रमुख अन्तरों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the major differences between Old and New international trade theories. 20

6.(b) पूर्ण पूँजी गतिशीलता के अन्तर्गत, अल्पकाल व दीर्घकाल में मौद्रिक विस्तार का विनिमय दर पर प्रभाव समझाइए ।

Explain the effect of a monetary expansion on exchange rate in the short and the long run under perfect capital mobility. 15

6. (c) समझाइए कि क्या समानान्तर आयात TRIPS प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं तथा एकस्व (पेटेन्ट) धारक बहुराष्ट्रीय कम्पनी (MNC) की मूल्य नीति को प्रभावित करते हैं ? सभी सम्पन्न राष्ट्र इसका अनुसरण क्यों नहीं करते, कारण बताइए ।

Explain whether the parallel imports violate provisions of TRIPS and affect the pricing policy of a patent holder MNC. Give reasons why all rich nations do not follow this ? 7+8=15

7. (a) विकासशील देशों में आर्थिक विकास के चालक के रूप में मानव पूँजी की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । विकासशील राष्ट्रों में, किस प्रकार शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा में निवेश "निम्न उत्पादकता जाल" पर काबू पा सकता है ।

Analyse the role of human capital as a driver of economic development in developing countries. How can education and healthcare investment overcome the "Low productivity trap" in developing nations ? 12+8=20

7. (b) विकासशील देशों के सन्दर्भ में गुन्नार मिर्डल के "प्रतिवाही प्रभाव" की साइमन कुजनेट्स के "संरचनात्मक रूपान्तरण" से तुलना कीजिए ।

Compare Gunnar Myrdal's "backwash effects" with Simon Kuznets' "structural transformation" in the context of developing economies. 15

7. (c) बहुराष्ट्रीय निगमों (MNCs) के उदय के कारणों को समझाइए । क्या उनकी दक्षता उत्कृष्ट तकनीक के कारण है अथवा प्रतिस्पर्द्धा विरोधी प्रथाओं के कारण ? विवेचना कीजिए ।

Explain the factors contributing to the rise of MNCs. Discuss whether their efficiency is driven by superior technology or anti-competitive practices. 15

8. (a) "पृथ्वी ने प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकताओं, न कि प्रत्येक मनुष्य के लालच को सन्तुष्ट करने के लिए पर्याप्त प्रदान किया है ।" इस कथन का पर्यावरण क्षरण तथा भावी पीढ़ियों के अधिकारों के सन्दर्भ में विश्लेषण कीजिए । किस सीमा तक औद्योगिक चालित गैर-नवीकरणीय संसाधनों का ह्रास अंतर-पीढ़ी समता का उल्लंघन है ?

"Earth provides enough to satisfy every man's needs, but not every man's greed". Analyse this statement in the context of environmental degradation and the rights of future generations. To what extent does the rapid, industrial-driven depletion of non-renewable resources constitute a violation of intergenerational equity.

8+12=20

**8.** (b) एक विकासशील देश में तीव्र आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए, कृषि क्षेत्र के रूपान्तरण के लिए किन रणनीतियों की आवश्यकता है ? विवेचना कीजिए ।

What strategies are required for Agriculture Sector transformation to ensure rapid economic development of a developing country ? Discuss. 15

**8.** (c) मानव विकास के विभिन्न दृष्टिकोण क्या हैं ? बुनियादी आवश्यकता दृष्टिकोण की विस्तार से व्याख्या कीजिए ।

What are the various approaches to Human Development ? Elaborate Basic Needs Approach. 8+7=15

---